जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

राष्ट्रीय एकता दिवस

दिनांक 31/10 /2022 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा खेल विभाग के सयुंक्त तत्वाधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के उपलक्ष्य मे राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात में रा. से. यो. की स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। खेल विभाग प्रभारी डॉ सरस्वती अग्रवाल द्वारा छात्राओ को सरदार पटेल व राष्ट्रीय एकता में उनकी भूमिका व योगदान के बारे में बताया गया। सुश्री प्रीती बैरवा प्रभारी, रा.से.यो. इकाई – प्रथम

ने स्वयंसेविकाओं को कहा की देश का विकास, शांति, समृद्धि एवं अखंडता एकता के कारण ही संभव है और इसकी शुरुवात पहले अपने परिवारों से ही करनी होगी, तब ही हम समाज से एकता की उम्मीद कर सकेंगे। प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। तत्पश्चात रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अन्तर्गत शहीद स्मारक, कोटा तक 500 मीटर की एकता दोड़ (Unity Run) का आयोजन किया गया और शहीद स्मारक पर सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री यज्ञदत्त हाडा, पूर्व मंडल सचिव के साथ महाविद्यालय की छात्राओं का योगदान रहा । कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के द्वारा किया गया।

प्राचार्य
जा. दे. ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा